सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-575
23/11/2017

मुख्यमंत्री ने बिहार विधानमण्डल के विस्तारीकरण भवन का निरीक्षण किया

पटना, 23 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधानमंडल के विस्तारीकरण भवन का निरीक्षण कर अधूरे पड़े कामों को अतिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बिहार विधानमंडल के नये भवन पहुंचे मुख्यमंत्री ने भूतल पर बने कैंटीन का निरीक्षण कर जल्द से जल्द नये भवन में कैंटीन शिफ्ट करने का निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिया। कैंटिन के लिए उन्होंने नये भवन में रूम भी एलॉट करने की बात कही। भूतल पर बने समिति कक्ष में तरह–तरह की लगी कुर्सियों को बदलकर एक ही प्रकार की कुर्सियॉ लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समिति में एक तरह की कुर्सी होनी चाहिए, इसके बाद भूतल पर ही बने समिति संयोजक कक्ष का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

बिहार विधानमण्डल से विस्तारीकरण भवन आने के लिए निर्माणाधीन रास्ते को एक लेवल में लाकर चौड़ा करने एवं रेलिंग बनाने की मुख्यमंत्री ने बात कही ताकि लोग एसेम्बली से विस्तारीकरण भवन में आसानी से आवागमन कर सकें। निर्माणाधीन रास्ते के दोनों तरफ पसरे स्क्रैप को जल्द से जल्द हटवाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये भवन में सेन्ट्रल हॉल और लाइब्रेरी है, ऐसे में रास्ते के दोनों तरफ का जो ओपन स्पेस है, वह साफ–सुथरा और हरियाली युक्त होना चाहिए। नये भवन के भूतल पर दीवार पेंटिंग भी लगाने का मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बिहार विधानमंडल के विस्तारीकरण भवन के प्रथम तल पर अधूरे पड़े बिजली कनेक्शन को भी पूरा कराने का मुख्यमंत्री अधिकारियों को निर्देश दिया ताकि नया भवन फंक्शनल हो सके। इसके बाद प्रथम तल पर बने विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष का भी मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री नए भवन के द्वितीय तल पर पहुँचकर सेंट्रल हॉल का भी बारीकियों से निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंट्रल हॉल में सदस्यों के बैठने की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। नये भवन से निर्माणाधीन रास्ते के जरिये मुख्यमंत्री बिहार विधानसभा कैंटिन पहुंचकर वहॉ की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान पार्षद श्री चन्देश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव भवन निर्माण सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव श्रम संसाधन श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

****